प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ऑनलाइन पाठ्यक्रम हेतु पांच-दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ

पंतनगर। 18 सितम्बर 2020। पंतनगर विश्वविद्यालय के कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय द्वारा 'उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों का उपयोग करके ऑनलाइन पाठ्यक्रम कैसे तैयार किया जाये' विषय पर 5-दिवसीय कार्यशाला का शुभारम्भ आज हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऑनलाइन कक्षाओं को विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के अनुरूप और अधिक प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन निदेशक एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डा. आर.एस. जादौन द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के दौरान नये परिवेश में शिक्षण कार्य अधिक प्रभावी रूप से संचालित किया जाना एक चुनौतिपूर्ण कार्य है और आज के समय की मांग भी है। डा. जादौन ने कहा कि विश्वविद्यालयों के प्रत्येक संकाय सदस्य को ऑनलाइन पाठ्यक्रम हेतु तकनीकों का उपयोग करने के लिए प्रशिक्षित किया जाये, जिससे मुक्त शैक्षणिक संसाधनों की सम्पूर्ण जानकारी प्रतिभागियों को उपलब्ध हो सके। डा. जादौन ने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को उनकी कक्षाओं में रूचि बनाये रखने हेतु भी प्रशिक्षित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला में स्किलमित्रा संस्था के सहयोग से प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. तेज प्रताप के मार्गदर्शन में तैयार किया गया है। स्किलमित्रा संस्था की प्रबंध निदेशक श्रीमती अर्चना ठकरान ने सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षण के प्रकार तथा इससे सम्बंधित आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। इससे पूर्व कार्यक्रम समन्वयक, डा. निर्देश कुमार सिंह द्वारा सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठातागण एवं निदेशकगण द्वारा उद्घाटन समारोह में ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। इस कार्यक्रम में स्किलमित्रा संस्था की श्रीमती वरूना ढाल के साथ महाविद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों के 30 संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया है।

प्रतिभागियों को संबोधित करते कार्यक्रम निदेशक एवं अधिष्ठाता, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, डा. आर.एस. जादौन।